काम के प्रति ईमानदार रहना जरूरी: आलिया

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट का कहना है कि वह अपने काम के प्रति इमानदार रहना चाहती हैं और फिल्म की सफलता या असफलता पर ध्यान नहीं देती हैं। वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली आलिया भट्ट ने अपनी एक्टिंग के दम पर इंडस्ट्री में अलग पहचान बना ली है।आलिया से जब पूछा गया कि उनके किसी फिल्म के फ्लॉप या हिट होने से वह कितना प्रभावित होती हैं तो आलिया ने बड़ी ही समझदारी से जवाब दिया, मेरे लिए मेरा काम जरूरी है। सेट पर जाकर, कैरेक्टर को पढ़कर उसके साथ न्याय करना और डायरेक्टर के विजन को समझना...इसके बाद फिल्म सक्सेस या फेलियर साबित होती है इसपर मुझे ध्यान नहीं देना है। जो सबसे ज्यादा जरूरी है अपने काम के प्रति इंसान को पूरी तरह से ईमानदार होना चाहिए ,क्योंकि यही सुनिश्चित करेगा कि मेरे स्क्रीन कैरेक्टर्स लोगों के साथ रहें।

आलिया ने कहा , मैं नंबर 1, 2 या 3 पर हूं यह जरूरी नहीं है। अपने फैंस को मैं अच्छे परफॉरमेंस के जरिए अपना प्यार जता सकती हूं। मुझे ट्विटर पर फैंस को आई लव यू कहने पर विश्वास नहीं है। अगर पिक्चर नहीं चली, तो मुझे खुद से ज्यादा ऑडियंस के लिए निराशा होगी क्योंकि मेरी कोशिश से मैं संतुष्ट रहूंगी। आलिया जल्द ही फिल्म ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगी। इसके बाद सड़क 2 और एसएस राजमौली की फिल्म में भी आलिया काम कर रही हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

डी सोल्जर्स ने रिलीज़ किया नया पैपी पार्टी सॉन्ग, लटके-झटके दिखा रहीं गायत्री भारद्वाज

टाइम्स म्यूज़िक ने एक नया हिप-हॉप पार्टी ट्रैक सॉन्ग लेवल रिलीज़ किया है, जिसमें नजर आ रही हैं गायत्री भारद्वाज और इसे गाया और लिखा है डी सोल्जर्स ने। अपने कॉल और विशेश सॉन्ग की शानदार सफलता के बाद से ही डी सोल्जर्स को म्यूज़िक के फैन्स का भरपूर प्यार मिल रहा है। ...और अब आखिरकार अपने फैन्स के लिए उन्होंने यह नया सॉन्ग लेवल जारी कर दिया है। सिंगर्स ने अपने इस ट्रैक में शानदार परफॉर्म किया है, जिसके बीट्स से लेकर रैप तक सब जबरदस्त हैं।

यह गाना ऐसा है, जिसे सुनने के साथ ही कोई भी डांस करने को मजबूर हो जाए। इस सॉन्ग में दिख रही हैं खूबसूरत मॉडल गायत्री भारद्वाज, जो फेमिना मिस इंडिया यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स 2018 का खिताब जीत चुकी हैं। विडियो में गायत्री के लटके-झटके बेहद आकर्षक नजर आ रहे हैं। इससे पहले गायत्री सिंगर्स (डी सोल्जर्स) के कॉल विडियो में भी नजर आ चुकी हैं। इस विडियो का निर्देशन किया है स्टोरी बाबा ने और इसे कोरियॉग्राफ किया है नंगेश खेडेकर ने।

आलिया बसु गायब है में दिखाई देंगी राइमा सेन

अभिनेता विनय पाठक, सलीम दीवान और अभिनेत्री राइमा सेन आलिया बसु गायब है में काम करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं. यह एक रोमांटिक थ्रीलर फिल्म है जो तीन अलग-अलग तरह की लैंगिकता पर आधारित है. इन तीनों का कहना है कि फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है.

इस फिल्म से एड फिल्ममेकर प्रीति सिंह निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखने जा रहीं हैं. फिल्म का पहला लुक मंगलवार को जारी हुआ.

इस फिल्म के बारे में विनय ने एक बयान में कहा, जब मैंने अलिया बसु गायब है की स्क्रिप्ट सुनी, मैं जानता था कि किसी भी कीमत पर मुझे यह फिल्म करनी ही थी. यह आश्चर्य और ट्विस्ट से भरी फिल्म है जो आपको पूरी तरह से अंजान बनाएगी.

राइमा ने कहा कि वह भी बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रही है. सलीम ने कहा कि उन्हें काफी लंबे समय से एक अच्छे स्क्रिप्ट की तलाश थी.

सत्तार दिवान, डीजे जावर और रिहैब पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड बैनर तले प्रीती ने इसे प्रोड्यूस किया है. फिल्म के निर्देशक ने कहा है कि प्रतिभावान कलाकारों के साथ काम करने से काफी दृढ़ विश्वास मिलता है जिससे यह पूरी प्रक्रिया मजेदार बन जाती है.